# पानी भरने के झगड़े में गई जान, 5 आरोपी गिरफ्तार

## उपचार के दौरान एक प्रौढ़ व्यक्ति की हुई थी मौत, सुकहर गांव में दो पक्षों में हुआ था खूनी संघर्ष

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली, 10 अप्रैल। जिले के चितरंगी थाना क्षेत्र में हत्या के मामले में पुलिस को सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने दस हजार रुपये के इनामी पांच आरोपियों को घटना के 48 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर आगे की कार्रवाई की गई है। हैंडपंप पर पानी के विवाद को लेकर दो पक्षों में खुनी संघर्ष हुआ था और इस घटना में एक प्रौढ़ व्यक्ति की उपचार के दौरान गत दिवस की रात मौत हो गई थी।**

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सुकहर में 29 मार्च की शाम हैंडपंप से पानी भरने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया था। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों में लाठी-डंडे चलने लगे, जिसमें दोनों ओर से



पांच-पांच लोग घायल हुए। पुलिस ने मारपीट का मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की थी। घायलों में रामा बादीगीर पिता की हालत गंभीर होने पर मामले में हत्या के प्रयास की धारा जोड़ी गई। इलाज के दौरान 7 अप्रैल को बैढ़न के एक निजी अस्पताल में उनकी मृत्यु हो गई, जिसके बाद मामले में हत्या की धारा बढ़ाई गई। घटना के बाद आरोपी फरार हो गए थे। पुलिस ने विशेष जांच टीम गठित कर आरोपियों के रिश्तेदारों, संभावित ठिकानों और विभिन्न राज्यों में उनके आवागमन की जानकारी जुटाई। लगातार दबिश और मुखबिर सूचना के आधार पर पहले एक आरोपी को 7 अप्रैल को पकड़ा गया, जबकि शेष चार आरोपियों को 8 अप्रैल को ग्राम सुकहर से हिरासत में लिया गया। पूछतांछ में सभी ने अपराध स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त लाठी-डंडे भी जप्त किए हैं। गिरफ्तार आरोपियों में अंजीर उर्फ अंजनी बादीगीर पिता रमेश बादीगीर उम्र 36 वर्ष, रमेश बादीगीर पिता छोटा बादीगीर उम्र 66 वर्ष पिन्टू बादीगीर पिता रमेश बादीगीर उम्र 35 वर्ष, बरेश उर्फ बरस बादीगीर पिता रमेश बादीगीर उम्र 37 वर्ष, दिग्विजय बादीगीर पिता रमेश बादीगीर उम्र 22 वर्ष सभी निवासी सुकहर शामिल हैं। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी चितरंगी सुधेश तिवारी, एसआई पवन, आरके वर्मा, उमेश तिवारी, एएसआई रमेश कोल, रमेश साकेत, आरडी वर्मा, आर मुकेश पाण्डेय, सुभाष पाल, सुदर्शन चौहान, अमलेश सिंह, प्रशांत केशरी, सर्वदानन्द राय, प्रफुल्ल वानखेड़े का योगदान सराहनीय रहा।

### बाइक से मोबाइल पर बात करना युवक को पड़ा भारी

गोरबी निवासी एक युवक बीती रात जिला मुख्यालय बैढ़न से किसी के घर में पोताई का कार्य कर मोटरसाइकिल से अपने घर जा रहा था कि कटौली के पास अज्ञात वाहन के टक्कर से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि जिस वक्त यह हादसा हुआ, युवक बाईक चलाते हुये किसी दोस्तों से बात कर रहा था। मृतक के दोस्त ने ही परिजनों को घटना की जानकारी दी। घटना पुलिस चौकी खुटार क्षेत्र का है। चौकी प्रभारी शीतला यादव के अनुसार दीपू साकेत पिता लोले साकेत उम्र 25 वर्ष निवासी गोरबी बीती रात करीब 9 :30 बजे बाईक से अपने घर बैढ़न की ओर से जा रहा था कि कटौली में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। जहां सूचना के आधार पर तत्काल पुलिस पहुंच युवक को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर लाया गया, उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### बुजुर्ग पिता की पिटाई करने वाला पुत्र पहुंचा जेल

नवानगर थाना क्षेत्र के समीपी भकुआर गांव निवासी एक 75 साल बुजुर्ग पिता की पिटाई करने वाले कलयुगी पुत्र को पुलिस ने तत्काल दबोचते हुये हिरासत में लेकर पूछतांछ की गई। जहां पीड़ित बुजुर्ग की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध बीएनएस की धारा 170 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार करते हुये न्यायालयीन कार्रवाई पूर्ति कराकर जेल भेज दिया गया। नवानगर टीआई अनिल पटेल के अनुसार ग्राम भकुआर निवासी आरोपी भगवत साहू उम्र 45 वर्ष ने अपने बुजुर्ग पिता को घरेलू पारिवारिक कहासुनी के दौरान डंडे से पिटाई कर दिया। जिसका सोशल मीडिया में वीडियों वायरल होने पर तत्काल संज्ञान में लेते हुये पुलिस टीम रवाना कर आरोपी को दबोच लिया गया। साथ ही आरोपी से पूछतांछ की गई, जहां उसने अपराध करना स्वीकार किया।

# राशन गबन के आरोप में अमहाटोला के विक्रेता पर एफआईआर दर्ज

## जांच के दौरान 31 क्विंटल मात्रा में कम मिला था गेहूं

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 10 अप्रैल। जिले में शासकीय उचित मूल्य दुकान के विक्रेताओं के द्वारा खाद्यान्न वितरण में की जा रही घपलेबाजी को लेकर कलेक्टर गौरव बैनल ने सख्त रूप अपनाया है। अब तक दो विक्रेताओं के खिलाफ राशन गबन के आरोप में अपराध पंजीबद्ध किया जा चुका है।**



जिले के सरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत अमहाटोला स्थित सरकारी उचित मूल्य की दुकान में खाद्यान्न गबन पर संबंधित विक्रेता के विरूद्ध सरई थाने में दुकान के विक्रेता के खिलाफ धोखाधड़ी और आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। उचित मूल्य दुकान अमहाटोला का औचक निरीक्षण किया। भौतिक सत्यापन के दौरान पीओएस मशीन के स्टॉक और दुकान में मौजूद वास्तविक राशन में भारी अंतर पाया गया। मशीन के अनुसार दुकान में 47.05 क्विंटल गेहूं होना चाहिए था, जबकि मौके पर केवल 16 क्विंटल ही मिला। इस प्रकार 31.05 क्विंटल गेहूं कम पाया गया, जिसकी बाजार दर के अनुसार कुल कीमत 72,967.50 आंकी गई है। सरई पुलिस थाने में विक्रेता अनिल सिंह पिता उदयपाल सिंह, निवासी शिवगढ़ के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 धारा 316(3) न्यास भंग/गबन आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 धारा 3 एवं 7 के तहत एफआईआर दर्ज कराई गई है।

### एक नजर में

#### क्षीरधारा ग्राम योजना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है



**सिंगरौली।** क्षीरधारा ग्राम योजना राज्य सरकार की प्राथमिकता में से एक है, जिले में दुग्ध उत्पादन को दोगुना करने के उद्देश्य से प्रारंभ किया गया है। योजना के लाभ के लिए हितग्राहियों का चयन कर एक सप्ताह के अंदर पंजीयन कराना सुनिश्चित करें, उक्त आशय का निर्देश कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान कलेक्टर गौरव बैनल के द्वारा उप संचालक पशु पालन एवं डेयरी विभाग तथा उपस्थित अधिकारियों को दिया गया। कलेक्टर ने क्षीरधारा ग्राम योजना की पहल करते हुये निर्देशित किया कि इस योजना के प्रभारी क्रियान्वयन के लिए पशुपालन विभाग के साथ-साथ उपसंचाक किसान कल्याण वन मण्डल के अधिकारी भी सक्रिय योगदान सुनिश्चित करें।

#### अखिलेश पांडेय बने जिला कांग्रेस ग्रामीण के प्रवक्ता



**सिंगरौली।** कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार संगठन महासचिव म.प्र. संजय कामले के द्वारा सिंगरौली ग्रामीण जिलाध्यक्ष सरस्वती सिंह के अनुसंशा पर अखिलेश पाण्डेय को कांग्रेस कमेटी सिंगरौली ग्रामीण जिला प्रवक्ता के पद पर नियुक्त किया गया है, उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के साथ-साथ शीर्ष नेतृत्व एवं जिला पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# बिजली लाइन से छेड़खानी करने पर थाने में शिकायत

## 11 केव्ही की लाइन उज्जनी फिडर का मामला

नवभारत न्यूज

**देवसर 10 अप्रैल। म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, देवसर के कनिष्ठ अभियंता ने असामाजिक तत्वों द्वारा 11 केव्ही की विद्युत लाइन के साथ गंभीर छेड़खानी करने के मामले में पुलिस को लिखित शिकायत सौंपी है।**

शिकायत के अनुसार उज्जैनी फीडर के अंतर्गत ग्राम तलवा में गोपी चन्द्र प्रजापति के घर के पास असामाजिक तत्वों ने 11 केव्ही लाइन के तीनों तारों को कटिया के माध्यम से आपस में जोड़ दिया था। इस खतरनाक स्थिति की जानकारी तब हुई जब आउटसोर्स कर्मचारी जीतलाल प्रजापति और अंचल साह कार्य के लिए फीडर पर पहुंचे। वहां एक फीडर बंद होने के बावजूद दूसरे फीडर में लाइट जल रही थी, जिससे किसी बड़ी अनहोनी या जानलेवा दुर्घटना की पूरी आशंका थी। कर्मचारियों ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत सब-स्टेशन ऑपरेटर राजू कुशवाहा को फोन कर लाइन बंद करवाई और उच्च अधिकारियों को सूचित किया। कनिष्ठ अभियंता ने पुलिस चौकी प्रभारी, तिनगुड़ी को इस मामले के वीडियो साक्ष्य और लिखित आवेदन सौंपते हुए दोषियों के खिलाफ आईपीसी की कड़ी धाराओं के तहत कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी अप्रिय घटनाओं को रोका जा सके।

### बिजली बिल के ब्याज में भारी छूट का मौका




म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा बकाया बिजली बिल वाले उपभोक्ताओं के लिए राहत भरी समाधान योजना 2025-26 लागू की गई है। देवरसर कनिष्ठ अभियंता ने क्षेत्र के उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे इस योजना का लाभ उठाकर अपने पुराने बकाया बिलों के भारी-भरकम ब्याज से मुक्ति पा सकते हैं। योजना के दूसरे चरण के तहत आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 मई 2026 निर्धारित की गई है। इस योजना में घरेलू, कृषि और औद्योगिक सहित सभी श्रेणी के उपभोक्ता पात्र हैं, जिनका बिल 3 महीने या उससे अधिक समय से बकाया है।

# डेढ़ दर्जन भैंसे पशु तस्करों से मुक्त, चार पिकअप वाहन जप्त

## जियावन पुलिस की कार्रवाई, लोहरा बांध के पास पुलिस की दबिश, सुर्खियों में जियावन थाना क्षेत्र

नवभारत न्यूज

**देवसर 10 अप्रैल। जियावन थाना क्षेत्र के उमरहर एवं लोहरा बांध पशु तस्करी का केन्द्र बिन्दु बना हुआ है। बीती रात चार पिकअप वाहन से करीब 22 लाख रूपये कीमत के 17 भैंसों को पुलिस ने पशु तस्करों के चंगुल से मुक्त कराने में सफल रही है।**



जानकारी के अनुसार जिले के जियावन थाना क्षेत्र में पशु तस्करी के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चार पिकअप वाहनों को जप्त किया है। यह कार्रवाई बीती रात गुरूवार को ग्राम उमरहर लोहरा बांध के पास की गई, जहां पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ वाहन निर्दयतापूर्वक भैंसों को भरकर ले जा रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और चार पिकअप वाहनों को रोक लिया। पुलिस के जांच के दौरान वाहनों में कुल 17 भैंसें रस्सियों से बांधकर भरी हुई मिलीं। पुलिस ने तत्काल सभी पशुओं को सुरक्षित बाहर निकलवाकर कब्जे में लिया। मौके का फायदा उठाकर वाहन चालक पिकअप छोड़कर अंधेरे का लाभ लेते हुए फरार हो गए। पुलिस ने जप्त वाहनों के खिलाफ पशु क्रुरता अधिनियम 1960 की धारा 11 के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि जप्त किए गए वाहनों की अनुमानित कीमत करीब 22 लाख 44 हजार रुपये आंकी गई है। मुक्त कराए गए सभी भैंसों को सुरक्षित थाना परिसर में रखा गया है, जहां उनके लिए चारा और पानी की व्यवस्था की गई है। पुलिस का कहना है कि फरार वाहन चालकों की तलाश तेज कर दी गई है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस कार्रवाई से क्षेत्र में पशु तस्करों में हड़कंप मच गया है। उक्त कार्रवाई में टीआई डॉ. ज्ञानेन्द्र सिंह, एएसआई तेज बहादुर सिंह, नरेन्द्र सिंह, प्रआर आशीष द्विवेदी, श्यामसुन्दर विश्वकर्मा, आर. दिनेश कुमार, खुम सिंह, सदन कुमार, बृजेन्द्र सिंह, नाथूलाल प्रजापति एवं अमित कुमार का योगदान सराहनीय रहा है।

# छात्रों को मिला विज्ञान का व्यावहारिक ज्ञान, 2 दिवसीय कार्यशाला आयोजित

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 10 अप्रैल। जिले में कलेक्टर की पहल सिंगरौली के सितारे के तहत उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैढ़न में दो दिवसीय विज्ञान कार्यशाला का आयोजन किया गया।**

इस कार्यक्रम का उद्देश्य जिले के विद्यार्थियों को अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति जागरूक करना और उनमें वैज्ञानिक सोच विकसित करना रहा। कार्यशाला के पहले दिन विशेषज्ञों ने अंतरिक्ष विज्ञान की मूलभूत जानकारी देते हुए छात्रों को आधुनिक तकनीकों से परिचित कराया। आईआईएसआर, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ स्पेस रिसर्च से जुड़े विशेषज्ञों ने सौरमंडल, उपग्रह, अंतरिक्ष मिशन और वैज्ञानिक अनुसंधान के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान छात्रों ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे और अपने संदेहों का समाधान किया। दूसरे दिन का कार्यक्रम और अधिक रोचक रहा, जिसमें करीब 100 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। विशेषज्ञों ने प्रेजेंटेशन और मॉडल के माध्यम से अंतरिक्ष के जटिल विषयों को सरल तरीके से समझाया। साथ ही छात्रों को भविष्य में विज्ञान के क्षेत्र में करियर बनाने के अवसरों के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम में डीईओ, डीपीसी, एडीपीसी सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं शिक्षक भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के समापन सत्र में विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए और बताया कि इस पहल से उन्हें नई दिशा मिली है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से विज्ञान को समझना आसान हो जाता है और उनमें नई खोज करने की प्रेरणा मिलती है। इस दो दिवसीय कार्यशाला ने न केवल विद्यार्थियों के ज्ञान को बढ़ाया, बल्कि उन्हें बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित भी किया।



# जनगणना के लिए अधिकारियों की बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 10 अप्रैल।** जनगणना के प्रथम चरण के क्रियान्वयन के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय के द्वारा चार्ज अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए। उन्होंने कहा कि महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य के पहले चरण में माकान सूचीकरण एवं माकानो के गणना का कार्य आगामी 1 मई से 30 मई की बीच सम्पन्न होगा। जबकि नागरिको के लिए स्वागणना की सुविधा 16 से 30 अप्रैल तक उपलब्ध रहेगी।

# मुख्य महाप्रबंधक ने एनटीपीसी विंध्याचल का किया दौरा

नवभारत न्यूज

**विंध्यनगर 10 अप्रैल। एनटीपीसी विंध्याचल में एनटीपीसी लिमिटेड के मुख्य महाप्रबंधक एवं क्षेत्रीय मानव संसाधन प्रमुख एसएन पाणिग्रही का एक ऊर्जावान एवं उद्देश्यपूर्ण दौरा संपन्न हुआ।**

श्री पाणिग्रही के आगमन पर सूर्य भवन गेस्ट हाउस में गर्मजोशी से स्वागत किया गया, जिसने जन केंद्रित पहलों को सशक्त बनाने और संगठनात्मक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने वाली विभिन्न गतिविधियों की शुरुआत की। अपने दौरे के दौरान श्री पाणिग्रही ने संदीप नाइक कार्यकारी निदेशक एवं संजीब कुमार साहा परियोजना



प्रमुख की उपस्थिति में डॉ. भीमराव आंबेडकर स्टेडियम में एनआर आईआरएसएम 2025-26 क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। इसके साथ ही उन्होंने पौधरोपण कार्यक्रम में भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण एवं कर्मचारी सहभागिता के प्रति एनटीपीसी की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ किया। श्री पाणिग्रही ने कार्बन टू मेथनॉल प्लांट एवं स्टेज-3 कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर वहां कार्यरत इंजीनियरों से बातचीत की और उनके प्रयासों की सराहना की।

### शिक्षक का आमरण अनशन तीसरे दिन भी जारी

**सिंगरौली 10 अप्रैल (एनबीएन)।** कलेक्ट्रेट के सामने बिलौंजी में शिक्षक धर्मराज तिवारी का आज शुक्रवार को



तीसरे दिन भी बेमियादी आमरण अनशन जारी रहा है। अन्न त्याग कर आमरण पर बैठे शिक्षक की हालत धीरे-धीरे बिगड़ती जा रही है। उनका आरोप है कि शिक्षा विभाग में व्यापक भ्रष्टाचार है और उनकी सुनवाई नही हो रही है। जबकि 39 शिकायते अपनी समस्याओं से लेकर कर चुके हैं।

# आंगनबाड़ी केंद्र नौढ़िया में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

नवभारत न्यूज

**चितरंगी 10 अप्रैल। महिला एवं बाल विकास परियोजना चितरंगीं क्रमांक 1 के निर्देशन में पर्यवेक्षक के मार्गदर्शन में कुपोषण मुक्त समाज के उद्देश्य से 9 से 23 अप्रैल तक संचालित पोषण पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र नौढ़िया में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**



कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र में पंजीकृत बच्चों, गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं एवं किशोरी बालिकाओं को संतुलित आहार, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। साथ ही पोषण पखवाड़ा अभियान का मुख्य उद्देश्य बच्चों, गर्भवती एवं धात्री माताओं में कुपोषण को समाप्त करना, जीवन के प्रारंभिक वर्षों में सही पोषण सुनिश्चित करना तथा समाज में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। वहीं 14 से 15 वर्ष की किशोरी बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीकाकरण के प्रति जागरूक किया गया और शिविर के माध्यम से टीकाकरण भी किया जा रहा है।

# ननि में जनगणना के लिए प्रशिक्षण 15 से

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 10 अप्रैल। नपानि के बैढ़न, नवजीवन बिहार तथा मोरवा क्षेत्र में प्रस्तावित जनगणना कार्य के सफल क्रियान्वयन के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम 15 अप्रैल से शासकीय अग्रणी महाविद्यालय के विज्ञान भवन में आयोजित किया जा रहा है।**



जारी प्रशिक्षण कार्यक्रम के अनुसार बैढ़न जोन में जनगणना कार्य में संलग्न अधिकारियों-कर्मचारियो के प्रथम चरण का गणना प्रशिक्षण 15, 16 एवं 17 अप्रैल को आयोजित होगा।नगर जनगणना अधिकारी ज्योति सिंह ने बताया कि उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रगणक, पर्यवेक्षक एवं मास्टर ट्रेनरों को जनगणना कार्य की प्रक्रिया, दायित्वों एवं तकनीकी पहलुओं की विस्तृत जानकारी प्रदान जायेगी। विदित हो कि जनगणना कार्य 1 मई से प्रारंभ होकर 30 मई तक संचालित किया जाएगा। नगर निगम आयुक्त एव प्रमुख जनगणना अधिकारी नगरीय क्षेत्र सविता प्रधान के द्वारा नगर जनगणना अधिकारी दायित्व सहायक आयुक्त ज्योति सिंह को सौपा गया है।

# समाधान योजना अभियान में 35 स्थानों पर शिविर आयोजित

## एमपीईबी सिंगरौली की बकायादारों पर सख्त कार्यवाही जारी, बकाया राशि जमा करने के निर्देश

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 10 अप्रैल। म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा सिंगरौली वृत्त अंतर्गत समाधान योजना अभियान के तहत पात्र बकायादार उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करते हुए बकाया राशि जमा कराने के लिए व्यापक स्तर पर विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।**

अभियान के अंतर्गत 1 अप्रैल से 49 मुख्यालयों में कुल 259 शिविर आयोजित किये जाना प्रस्तावित है, जिनमें से अब तक 35 शिविर संपन्न किये जा चुके हैं। शिविरों के दौरान ग्राम पंचायत स्तर पर संबंधित सचिव एवं सरपंचों को पात्र बकायादार उपभोक्ताओं की सूची उपलब्ध करा दी गई है, ताकि स्थानीय स्तर पर समन्वय स्थापित कर उपभोक्ताओं को समाधान योजना का लाभ लेने एवं बकाया राशि जमा करने के लिए प्रेरित किया जा सके। 9 अप्रैल तक की प्रगतिशील उपलब्धियों के अनुसार विभिन्न वितरण केंद्रों में कुल 169 स्टार्टर तार उठाने, 759 विद्युत विच्छेदन, 69 डीटीआर बंद, विद्युत



अधिनियम की धारा 138 के अंतर्गत 8 प्रकरण दर्ज, 2 बैंक खाते सीज तथा 128 बकायादार उपभोक्ताओं के परिसरों में कुर्की-जप्ती की कार्यवाही की गई है। कंपनी द्वारा स्पष्ट किया गया है कि शिविर आयोजित किये जाने के उपरांत भी यदि किसी ग्राम पंचायत क्षेत्र में बकायादार उपभोक्ताओं द्वारा बकाया राशि का भुगतान नहीं किया जाता है, तो ऐसे प्रकरणों में सख्त एवं नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है।

### चक्की का कनेक्शन काट कर मोटर एवं बाइक जब्त



एमपीईबी सिंगरौली ग्रामीण बिजली के बकायादारों के खिलाफ सख्त कदम उठा रहा है। बिजली बिल जमा न करने वाले बकायादारों के कनेक्शन काट कर बिजली आपूर्ति बंद कर दी जा रही है। आज सरई के धुरिया गांव में आयोजित शिविर के बाद जयवीर सिंह के आटा चक्की एवं झारा गांव में एक मोटरसाइकिल जप्त व कनेक्शन काट कर मोटर को जप्त कर कार्रवाई की है। जयवीर पर 16792 रूपये बिजली का बिल बकाया है। झारा के 34 हजार 600 का बिल बकाया है।